## गुरू आश्रमों में हवन पूजन भण्डारे का आयोजन

# गुरूओं का किया पूजन लिया आशीर्वाद



मण्डला। गुरूपूर्णिमा पर्व पर कल गुरू भक्तों ने अपने-अपने गुरूओं की आराधना की गुरू आश्रमों में सुबह से ही आरती पूजन हवन का सिलसिला प्रारंभ हो गया जो दोपहर तक जारी रहा उसके बाद भण्डारे का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ उठाया विशेष रूप से हनुमान घाट आश्रम, दादा धनीराम जी का आश्रम, सहस्त्रधारा आश्रम, रपटाघाट सहित नर्मदा तटों पर स्थित सभी आश्रमों में गुरूपूर्णिमा पर्व पर हवन पूजन एवं भण्डारे का आयोजन किया गया।

### काशी विश्वनाथ वैदिक गुरुकुल में चतुर्वेद शतकम पारायण महायज्ञ -

दिनांक 21 जुलाई 2024 को काशी विश्वनाथ वैदिक गुरुकुल, जिलहरी घाट, ग्राम गयाजीपुर, मंडला (मध्यप्रदेश) में बड़े ही धूमधाम से गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया गया। गुरुकुल में गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य पर चतुर्वेद शतकम पारायण महायज्ञ किया गया व साथ ही कुछ ही समय पहले निर्मित महर्षि दयानंद सभागार का उद्घाटन भी किया गया। चतुर्वेद शतकम पारायण महायज्ञ संपन्न होने के पश्चात गुरुकुल के आचार्यों व बाहर से आए विद्वानों के द्वारा उपदेश किया गया। सभी क्षेत्रवासियों ने इसका खूब लाभ लिया व उपदेश के पश्चात शांति पाठ करके आए हुए सभी अतिथि गणों को भोजन कराया गया। यह कार्यक्रम जिला मंडला के अनेकों समाजसेवी धर्म प्रेमी सज्जन, अनेकों संगठनों व समितियों के सदस्यगण, ग्राम गयाजीपुर व आसपास क्षेत्र के धर्म प्रेमी सज्जनों की उपस्थिति में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिससे जैसे बन पाया इन सभी व्यक्तियों ने प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से गुरुकुल व मां नर्मदा गोशाला को सहयोग किया व कार्यक्रम को सफल बनाने में गुरुकुल परिवार का सहयोग किया। गुरुकुल परिवार आए हुए सभी अतिथियों का धन्यवाद करता है।

### अंजनिया कन्या शाला में मनाई गई गुरु पूर्णिमा -

लोक शिक्षण संचालनालय मध्य प्रदेश भोपाल के आदेशानुसार, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंजनिया में आज दिनांक 21 जुलाई 2024 दिन रविवार को गुरु पूर्णिमा का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं वंदना से किया गया तत्पश्चात कार्यक्रम में आमंत्रित अथितियों श्री शालिग्राम शुक्ला सेवानिवृत शिक्षक, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित पूर्व शिक्षक श्री रोहिणी प्रसाद शुक्ला ,श्री सतीश पटेल सेवानिवृत शिक्षक एवं भगवानदास झारिया सेवानिवृत शिक्षक का सम्मान संस्था के प्राचार्य अजय कुमार पटेल एवं शिक्षक डी.पी. झरिया तथा हरिशंकर पटेल द्वारा तिलक लगाकर पुष्पहार एवं श्री फल से किया गया। तत्पश्चात छात्राओं द्वारा विद्यालय के शिक्षकों का सम्मान करते हुए गुरु पूर्णिमा के महत्व पर अपने विचार रखे गए। मुख्य अतिथियों द्वारा अपने उद्बोधन में आशीर्वचन के रूप में गुरु की महत्ता पर बात करते हुए बच्चों को अनुशासन में रहकर गुरु की बातों को शिरोधार्य करते हुए नियमित विद्यालय आकर शिक्षा ग्रहण करने हेतु प्रेरित किया गया। उद्बोधन में प्राचीन गुरुकुल व्यवस्था एवं गुरु पूर्णिमा मनाने के संदर्भ पर भी चर्चाएं की गई। प्रभारी प्राचार्य अजय पटेल के द्वारा भी अपने उद्बोधन में बच्चों को अनुशासन में रहकर पढ़ाई करने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक मुकेश पटेल के द्वारा किया गया तथा शिक्षक मनोज पटेल के द्वारा आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई । कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों एवं बच्चों की उपस्थिति के साथ सहभागिता रही।







## खबर संक्षेप

### अध्यक्ष श्री अतर सिंह आर्य 24 एवं 25 जुलाई को मंडला जिले का भ्रमण करेंगे

**मण्डला।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी मंडला ने बताया कि राष्ट्रीय अनुसूचित जनजातीय आयोग के अध्यक्ष श्री अतरसिंह आर्य का मंडला जिले में 24 एवं 25 जुलाई 2024 को दौरा कार्यक्रम प्रस्तावित है। उन्होंने इसके लिए श्री लालशाह जगेत सहायक आयुक्त जनजातीय कार्यविभाग मंडला को नोडल अधिकारी और श्री रंजीत गुप्ता क्षेत्र संचालक जनजातीय कार्यविभाग मंडला को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

### पीएचई मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने प्रदेश वासियों के लिए सुख समृद्धि की कामना की

**मण्डला।** प्रदेश शासन की लोक



स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उईके ने रविवार को गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर मण्डला स्थित श्री श्री 1008 दादा धनीराम जी महाराज के आश्रम में दादाजी सहित अन्य देवी-देवताओं के दर्शन-पूजन कर प्रदेशवासियों के लिए सुखमय जीवन के लिए कामना की।

**अज्ञात व्यक्ति ने धारदार हथियार से गले में वार कर की थी हत्या**

## ग्राम चीमाघुंदी में हत्या के मामले का थाना मोतीनाला पुलिस ने किया खुलासा आरोपी गिरफ्तार

**मण्डला।** थाना मोतीनाला जिला मडंला अंतर्गत नक्सल प्रभावित ग्राम चीमाघुदी से चरन लाल पिता गुदर सिंह परते उम्र 28 वर्ष के द्वारा डायल 100 के माध्यम से सूचना दी गई कि इसके पिता गुदर सिंह अगरिया उम्र 55 वर्ष को किसी व्यक्ति द्वारा दिनांक 17.07.2024 को धारदार हथियार से गले मे मारकर हत्या कर दि गई हैं। उक्त रिपोर्ट पर थाना मोतीनाला पुलिस द्वारा घटना स्थल का बारिकी से निरीक्षण कर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 61/2024 धारा 103(1) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक मंडला एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मंडला द्वारा हत्या के प्रकरण का खुलासा करते हुए आरोपी के गिरफ्तारी हेतु एसडीओपी बिछिया व थाना प्रभारी मोतीनाला निरीक्षक प्रदीप कुमार पाण्डेय को निर्देशित किया गया था। विवेचना के दौरान थाना प्रभारी मोतीनाला के नेतृत्व में टीम गठित कर घटना एवं ग्रामीणों से मृतक के अन्य के साथ वाद विवाद आदि के संबंध में भी जानकारी प्राप्त करने हेतु लगाया गया। इसी दौरान पुलिस को ज्ञात हुआ कि मृतक एवं पड़ोसी मंगल सिंह यादव का कुछ दिन पूर्व से जमीन खेती को लेकर वाद विवाद चल रहा हैं। मामले में प्राप्त जानकारी एवं तथ्यों के आधार पर संदेही मंगल सिंह यादव की तलाश पतासाजी की जा रही थी। जो घटना दिनांक से अपने घर से फरार था। पुलिस द्वारा संदेही की तलाश हेतु मुखबिर लगाये गये एवं लगातार दबिश देकर मंगल सिंह को दिनांक 21.07.2024 को घेराबंदी कर अभिरक्षा मे लेकर पूछताछ कि गई। पुलिस की पुछताछ में संदेही मंगल सिंह यादव द्वारा घटना घटित करना स्वीकार करते हुये बताया कि मृतक गुदर सिंह इसका पड़ोसी हैं, जिसके साथ जमीन का विवाद 20-25 दिन पहले से चल रहा था, इसी बात को लेकर दिनांक 17.07.2024 की शाम करीबन 05 बजे मौका देखकर अपने घर से धारदार लोहे का फरसा लेकर गुदर सिंह के घर के अंदर पहुंचा उस समय गुदर सिंह पंलग पर लेटा सो रहा था, जिसके गले में फरसा से वार करते हुये गुदर सिंह की हत्या कर दी।

थाना मोतीनाला पुलिस द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में हत्या के अज्ञात आरोपी की तलाश पतासाजी करते हुये मंगल सिंह को दिनांक 21.07.2024 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय भेजा गया हैं, हत्या के आरोपी की तलाश पतासाजी में थाना प्रभारी मोतीनाला निरीक्षक प्रदीप कुमार पाण्डेय की पूरी टीम शामिल रहीं। जिसमें उप निरीक्षक मनोज मांगरे, सउनि टीकाराम भोयर, प्र.आर. सलगुराम घावड़े, आर. मुकेश लिल्हारे, शैलेष नेवारे, सागर परते, पलाश पटेल, राहुल कुमार, आनंद गौतम, समीर मर्सकोले, महेश उइके, राहुल पटले, पवन कुमार उइके, मयंक धुर्वे का महत्वपूर्ण योगदान रहा।






## चौकी हिरदेनगर पुलिस ने बिजली विभाग का फर्जी लाईनमेन बनकर डरा धमकाकर पैसे की मांग करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

**मण्डला।** दिनांक 20/07/2024 चौकी हिरदेनगर में संजय भांवरे पिता विशराम भांवरे उम्र 26 वर्ष निवासी नकावल ने एक लिखित आवेदन पत्र पेश कर बताया कि आज शाम एक व्यक्ति आकर मेरे घर पर लगे बिजली के मीटर को चेंक करने लगा तो मैंने उस व्यक्ति को टोकते हुये पूछा कि आप कौन हो तो उसने अपना नाम राकेश सिरसाम बताया एवं अपने आप को बिजली विभाग का लाईनमेंन होना बताया एवं मेरे घर के बिजली कनेक्शन के मीटर को चेंक करते हुये बोला कि तुम्हारा मीटर खराब है तुम लोग चोरी से लाईट जला रहे हो एवं मोटर पंप चला रहे हो तुम्हे दो हजार रूपये लगेगे नहीं तो मैं तुम्हारी लाईन काट दूंगा एवं बिजली विभाग में चोरी का केश बना दूंगा। मैंने अपने गांव के लोगो एवं बिजली विभाग के कर्मचारी जगदीश जवारिया को बुलवाया तो जगदीश जवारिया द्वारा बताया गया कि यह व्यक्ति राकेश सिरसाम हमारे बिजली विभाग का कर्मचारी नही है। उक्त रिपोर्ट पर से प्रथम दृष्टया आरोपी राकेश उर्फ चिंकू सिरसाम पिता रामस्वरूप सिरसाम निवासी गुडा अंजनिया पुलिस चौकी हिरदेनगर थाना महाराजपुर जिला मण्डला का कृत्य धारा 319(2),308 (2) बीएनएस के तहत दण्डनीय होने से आरोपी के विरूध्द अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। मामले में पुलिस चौकी हिरदेनगर थाना महाराजपुर द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया।




आरोपी आपराधिक प्रवृत्ति का है। आरोपी का पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड है, जिसमें नकबजनी का एक एवं आर्म्स एक्ट के तहत दो अपराध हैं। कार्यवाही में उप निरीक्षक सुरजीत सिंह परमार, चौकी प्रभारी हिरदेनागर एएसआई रामकृष्ण बघेल, शिव शंकर राजपूत प्रधान आरक्षक केहर सिंह, देवी सिंह, महेश यादव, आरक्षक देवेंद्र रैदास, देवेंद्र कटरे एवं दया टंडिया शामिल रहें।

## पीएचई मंत्री श्रीमती संपतिया उयके ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया



**मण्डला।** प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने रविवार को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत ग्राम पंचायत लिंगामाल में वृक्षारोपण किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के आव्हान पर पूरे प्रदेश में एक पेड़ मां के नाम लगाकर इस अभियान में सभी नागरिक, विभागें, समाजसेवी और स्वयंसेवी संस्थाओ के द्वारा वृक्षारोपण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस अभियान के तहत सभी प्रदेश वासियों को एक पेड़ मां के नाम लगाने और उसकी सुरक्षा करने की अपील की है। जिससे पूरे प्रदेश को हरा-भरा कर प्रधानमंत्री जी के संकल्प को पूरा किया जा सके। उन्होंने कहा कि इस अभियान में एक पेड़ मां के नाम अधिक से अधिक फलदार पौधे लगाएं और उसकी सुरक्षा करें, जिससे वह पेड़ बड़ा होकर फल दे सके। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य शैलेष मिश्रा, डॉ. देवेन्द्र मरकाम, श्रीमती नरबदिया मरकाम सहित विभागीय अधिकारी, कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

### चार माह विश्राम के लिए गए भगवान विष्णु

# विवाह सहित शुभ कार्यों पर लगा विराम

**देवशयनी एकादशी पर महिलाओं ने दिनभर व्रत रखकर शाम का भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना की। मान्यता है कि देवशयनी एकादशी से भगवान विष्णु पृथ्वी के संचालन की जिम्मेदारी भगवान शिव को सौंपकर विश्राम करने चले जाते हैं। इसी के साथ चार माह शुभ और मांगलिक कार्य नहीं होते।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

इस अवधि में धर्म-कर्म और आराधना करने का विशेष महत्व बताया गया है। चातुर्मास में रक्षाबंधन, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी गणेश चतुर्थी, शारदेय नवरात्र और दीपावली जैसे बड़े पर्व पड़ेंगे। इन पर्वों से न सिर्फ धर्म-कर्म, आराधना का माहौल पूरे चार महीने बना रहेगा बल्कि यह अर्थव्यवस्था को भी बूस्ट देते हैं।

### अक्टूबर में 3 से शारदेय नवरात्र

एकादशी को लेकर महिलाओं ने सुबह स्नान करने के बाद व्रत का संकल्प लिया और दिनभर व्रत रखा। शाम को भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना की गई। पूजन करने के बाद महिलाओं ने फलाहार कर व्रत का पारन किया। व्रती महिला सीतादेवी ने बताया, आज से भगवान चार माह के लिए निद्रा में चले जाएंगे। इससे विवाह, गृह प्रवेश, नए व्यापार का शुभारंभ, कंछेदन, मुंडन, जनेऊ संस्कार सहित अन्य शुभ कार्यों पर विराम लग जाता है। चातुर्मास के इन चार माह में कई बड़े त्योहार पड़ेंगे। इससे एक ओर लोगों में धार्मिक भावना बढ़ेगी, वहीं दूसरी ओर स्थानीय बाजार को बल मिलेगा, व्यापार बढ़ेगा। जिससे जिले की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। अक्टूबर में 3 से शारदेय नवरात्र शुरू होगा। साल के बड़े त्योहार जैसे रक्षा बंधन, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, गणेशोत्सव, दशहरा और दीपावली इन्हीं चातुर्मास में पड़ेंगे। यह त्योहार मार्केट को भी मजबूती प्रदान करते हैं।

### 19 अगस्त को रक्षाबंधन, 26 को जन्माष्टमी

अगस्त माह में जो प्रमुख त्यौहार और व्रत हैं उनमें 4 अगस्त को हरियाली अमावस्या, 5 अगस्त को सावन का तीसरा सोमवार, 6 अगस्त को ड्रूषसधारा दोज, 7 अगस्त को हरियाली तीज, 8 अगस्त को निवायरी चतुर्थी, 9 अगस्त को नागपंचमी, 11 अगस्त को तुलसीदार जयंती, 12 अगस्त को सावन का चौथा सोमवार, 15 को स्वतंत्रता दिवस, पारसी नववर्ष, 19 अगस्त को रक्षाबंधन, 20 अगस्त को कजलिया, 22 अगस्त को कजरी तीज, 24 अगस्त को गांगा पंचमी, 25 अगस्त को हलषष्ठी व्रत, बलदाऊ जयंती, 26 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाएं जाएंगे।

### 12 को दशहरा, 31 को दीपावली

अक्टूबर माह में जो प्रमुख व्रत त्योहार होंगे उनमें 2 अक्टूबर को पितृमोक्ष अमावस्या, 3 अक्टूबरसे 10 दिनी शारदये नवरात्र प्रारंभ होंगे। इसी दिन महाराजा अग्रसेन जयंती मनाई जाएगी। 10 अक्टूबर को सरस्वती पूजा, निशा पूजा, 11 अक्टूबर को दुर्गा अष्टमी व नवमी, जवारे विसर्जन, 12 अक्टूबर को विजया दशमी पर दशहरा पर्व के साथ शारदेय नवरात्र का समापन हो जाएगा।

## अन्नदाताओं की समृद्धि का आधार है खेती



### पीएचई मंत्री श्रीमती उईके ने खेत में रोपे धान के पौधे

**मण्डला।** प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उईके ने रविवार को मण्डला जिले के ग्राम टिकरवारा में प्रतिवर्ष अनुसार अपने पैतृक खेत में धरती मां को प्रणाम कर अपने परिजन के साथ धान के पौधों का रोपण किया। उन्होंने बताया कि धान के पौधों का रोपा गांव के लोग आपस में मिलकर लगाते हैं खेती करने के लिए आपसी समन्वय बहुत जरूरी है। खेती करने की यह परम्परा हमें मिलनसार, सहृदय और विनम्र बनाती है। ये समाज की वो परंपराएं हैं जो संस्कृति रूपी पौधों का रोपण करती हैं। इससे आपसी भाईचारा और सहयोग की भावना बढ़ती है। खेती करना किसानों के लिए उनकी जीविका का प्रमुख आधार है। मंडला जिले में 80 प्रतिशत लोग खेती कर अपना जीवन यापन करते हैं। किसानों के विकास की गति को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए सरकार किसानों की समृद्धि और खुशहाली के लिए प्रतिबद्ध है। जिससे सभी किसान शासन की योजनाओं का लाभ उठाकर समृद्ध व खुशहाल बन सकें।

## खबर संक्षेप

### गुरू पूर्णिमा पर रेवा तटों पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब



**गाडरवारा।** सद्गुरूओं की वंदना, आराधना पर्व गुरू पूर्णिमा के अवसर पर बीते हुए रविवार को गुरू पूर्णिमा को क्षेत्र के माँ नर्मदा के पावन तटों पर श्रद्वालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। इस अवसर पर माँ नर्मदा और भगवान के प्रति आस्था रखने वाले शहर और क्षेत्र के गांवों के श्रद्वालुओं ने अपने गुरूओं का स्मरण करते हुए माँ नर्मदा जी के निर्मल जल राशि में स्नान करने के बाद भगवान का भजन, पूजन किया, वही विद्वान पंडितों से भगवान सत्य नारायण की कथा सुनी तथा दाल बाटी खाने का आनंद लिया, जानकारी के अनुसार गुरू पूर्णिमा के अवसर पर माँ नर्मदा के तटों पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम एवं भंडारों का आयोजन दिन भर चलता रहा। वही नर्मदा भक्तों का इस तरह माता रानी के प्रति जुनून देखने मिला कि आसमान पर काले बादल चमकने के बाद भी शनिवार की रात से ही पैदल नर्मदा स्नान करने जाने वाले भक्तों के शहर की सड़को के बीच से जत्था निकलते हुये देखे गये। नर्मदाजी के प्रति भक्तों की आस्था को काले बादलों के बीच बिजली की चमक भी नही रोक पाई थी।

### धूमधाम से निकाली गई सांई रथ यात्रा



**गाडरवारा।** रविवार को गुरू पूर्णिमा के पवन अवसर पर जहां संपूर्ण क्षेत्र में गुरू वंदना से लेकर अनेक प्रकार के धार्मिक कार्यक्रमों की धूम मची हुई देखी गई तो मंदिरों में भक्तों की भीड़ का आलम देखने मिला। वही दूसरी ओर नगर में सांई भक्तों द्वारा गुरू पूर्णिमा के मौके पर सत्य सांई बाबा की भव्य रथ यात्रा का आयोजन किया गया जो पलोटन गंज से होते हुये पानी टंकी के पास से निकलकर शहर के अनेक मार्गो से गुजरी। बताया जाता है कि इस रथ यात्रा को नगर में जगह जगह स्वागत करते हुये सत्य सांई बाबा का पूजन अर्चन करने के साथ साथ आर्शीवाद लिया गया। इस यात्रा में शामिल सांई भक्त भगवान के भजन कीर्तन गाते हुये चल रहे थें।

### ओशो सन्यासियों ने आनंद के साथ मनाया गुरु पूर्णिमा पर्व

**गाडरवारा।** नगर का नाम दुनिया में रोशन करने वाले विश्व प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु एवं दार्शनिक ओशो की क्रीड़ा स्थली ओशो लीला आश्रम में तीन दिवसीय ध्यान शिविर स्वामी ध्यान आकाश के सानिध्य में आयोजित किया गया। इस दौरान गुरु पूर्णिमा के अवसर पर ओशो सन्यासियों द्वारा आश्रम में विभिन्न ध्यान विधियों को आत्मसात किया गया। जिसमें मुख्य रूप से प्रातः काल सुबह 6 से 7 तक सक्रिय ध्यान भजन कीर्तन के साथ दिन भर ध्यान की गतिविधियां चलती रही। वही शाम 4 बजे से 5 बजे तक तथा कुंडलनी शाम 6 से 8 बजे तक वाइट रोव, ब्रदर हुड सत्संग, ओशो प्रवचन के साथ भजन कीर्तन में मस्त होकर ओशो सन्यासियों ने आनंदमय गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया गया। बताया जाता है कि इस अवसर पर नव सन्यासियों ने ओशो की दीक्षा ली तथा ओशो लीला आश्रम मे आयोजित शिविर में क्षेत्र के आलवा बाहर से आये हुये सन्यासियों ने भी शामिल होकर आर्शीवाद ग्रहण किया।

### शुक्रवारा बाजरिया की दूर नही हुई बदहाली

**गाडरवारा।** शहर के शुक्रवार बाजार की जान कही जाने वाली बाजरिया में कई पीढ़तयों से टेलरिंग, टीन का सामान बनाने तथा मनिहारी की दुकाने लगाने वाले लोग हैरत मे है कि बदले दौर में भी अपनी दुकानें व्यवस्थित नही बना पा रहे है और उनकी आर्थिक हालत भी बेहतर नही हो पा रही है, इस बजरिया में अपनी टपरियानुमा दुकानें लगा अपनी जीविका चलाने वाले केशशिल्पियों, साल भर असुविधाओं के बीच टीन का सामान तैयार कर ईमानदारी से रोजी रोटी चला रहे लोगो का कहना है कि उनकी कई पीढियॉ गुजर गयी पर शुक्रवारा बजरियां की बदहाली दूर होते हुये दिखाई नही दे रही है?

# मंदिरों में गुरू पूर्णिमा पर आयोजित हुए धार्मिक कार्यक्रम

## दादा की धूनी में सैकड़ों नारियल अर्पित करते हुये लिया आशीर्वाद







**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।**

सद्गुरू अपने चिंतन, ज्ञान, विचारों से मनुष्यों को संस्कारित कर उन्हे ऊँचा उठाते है। वही लोग अपने गुरूओं के दिए ज्ञान के बल पर उनके भक्त सुखमय जीवन व्यतीत करते हुए समाज देश की सेवा करते हैं। इसलिए गुरू हमेशा वंदनीय, पूज्यनीय है और उनका आर्शीवाद लेने की देश में प्रशस्त परम्परा आदि काल से चली आ रही हैं। इसी के चलते कल रविवार को गुरू पूर्णिमा के मौके पर शहर सहित क्षेत्र के गॉवों में गुरू महिमा की लहर दौड़ते हुये दिखाई पड़ी तो वही दूसरी ओर लोगों ने अपने गुरू को याद कर उनकी पूजन, वंदना की गई तथा गुरूओं की बंदना के स्वरों से क्षेत्र को गुंजायमान कर दिया। वही गुरू पूर्णिमा के पावन अवसर पर घरों में शहरवासियों ने श्रद्धाभाव से अपने गुरूओं का पूजन किया वही शहर के मंदिरों में भी गुरू पूर्णिमा पर विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसे बड़ा ही सौभग्य कहा जा सकता है कि काफी लम्बे अंतराल के बाद गुरू पूर्णिमा का पावन पर्व रविवार के दिन पड़ा है। जिसके चलते जहां तहां गुरूओं का वंदन होते हुये देखा गया। वही दूसरी ओर सूर्यदेव के प्रिय दिवस रविवार को गुरूपूर्णिता के चलते भक्तों से लेकर शिष्यों ने अपने गुरूओं का पूजन बंदन करते हुये आर्शीवाद लेते हुये खाली स्थान को भरने में कोई कसर नही छोड़ी गई है। वही दूसरी ओर गुरू पूर्णिमा पर्व के एक दिन पूर्व दादा धूनी वालों की



नगरी सांईखेड़ा नगर में ढोल ढमाको व शहनाईयों के साथ भगवान शिव के अवतार माने जाने वाले दादा धूनी वालों की शोभा यात्रा पालकी निकाली गयी थी, जिसने समूचे सांईखेड़ा को गुरू भक्ति के रस से ओत प्रोत कर दिया था तो दूसरी ओर कल रविवार यानि की गुरू पूर्णिमा के पावन अवसर पर दादा धूनी वालों की समूची नगरी सांईखेड़ा दादा धूनी वाले मय हो गया था और सांईखेड़ा में दादा धूनी वालों के भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा था, जिसको लेकर बताया जाता है कि इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों सहित अन्य अधिकारियों द्वारा नगर में होने वाले इस आयोजन की व्यवस्थाएं बनाने के लिए मौजूद रहते हुए अपनी निगरानी रखी गई। गुरू पूर्णिमा के चलते क्षेत्र ही नही बल्कि दूर दूर से पधारे हुए दादा धूनी वालों के भक्तों ने दादा धाम पहुंचकर उनके दर्शन व पूजन अर्चन किया गया। इस प्रकार से गुरू पूर्णिमा के मौके पर दादा धूनी वालो के दरबार में और दादा जी के नए मंदिर में हजारो भक्तो ने पहुंच दादा जी की पूजा, अर्चना कर उन्हे भाजी, टिक्कड़ का भोग अर्पित किया। वही बताया जाता है कि दादा धाम में सदा जलने वाली धूनी की एक झलक देखने के लिये भक्त आतुर दिखाई पड़े जिसके चलते दादा जी की धूनी में हजारों लोगों ने नारियल अर्पित करते हुये आर्शीवाद ग्रहण किया। वही नगर के अनेक धार्मिक मंडलों व दादा भक्तों द्वारा भी विशाल शोभायात्रा निकालते हुए दादा धाम पहुंचकर पूजन अर्चन किया गया तो दूसरी ओर देखा गया कि दादा दरबार में जहां प्रसादी के रूप में दिन भर टिक्कड व भाजी का वितरण होता रहा। वही दूसरी ओर अन्य लोगों द्वारा अनेक प्रकार की प्रसादी भी बांटी गई तथा अन्य भक्तों द्वारा दादा मंदिर में दिन भर भंडारे का आयोजन किया जिसकी प्रसादी हजारों लोगों ने ग्रहण की गई। वही भक्तों द्वारा अनेक प्रकार की प्रसादी का विरतण किया गया। इस तरह लम्बे अंतराल के उपरांत रविवार के दिन पड़ी हुई गुरू पूर्णिमा के पावन अवसर पर दादा के दर्शन करने वाले लोगों के लिए प्रशासन द्वारा सराहनीय व्यवास्थाएं बनाई गई जिसके चलते लोगों ने लाईनों में लगकर दादा धूनी वालों के दर्शन किये। इस प्रकार से गुरू पूर्णिमा के अवसर पर देखा जाता है कि दादा के भक्त दूर दूर क्षेत्रों से पैदल चलते हुए प्रतिवर्ष दादा धाम पहुंचते है। इसी प्रकार से इस वर्ष भी देखा गया कि दूर दूर से आये हुए दादा भक्तों का एक दिन पहले से ही आगमन होना शुरू हो गया था, जिसके चलते नगर के लोगों द्वारा बाहर से आने वाले भक्तों का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। वही दूसरी ओर गुरू पूर्णिमाा के अवसर पर दादा धाम में उमड़ने वाले जन सैलाब की व्यवस्थाएं बनाने के लिए सांईखेड़ा सहित आस पास के थानों का भारी पुलिस बल तैनात किया गया था, जिसके चलते किसी भी व्यक्ति को दादा के दर्शन करने में किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नही करना पड़ा। इसी दौरान देखा गया कि अखंड रूप से जलने वाली दादाजी की धूनी ने अचानक इस प्रकार से मनमोहक रूप धारण कर लिया गया था जिसके लोगों से दर्शन करते हुये अपने आपको धन्य समझा और दादा जी का आर्शीवाद क्षेत्रवासियों पर सदा रहने की बात कही जा रही है? प्रति वर्ष के अनुसार इस वर्ष भी दादाधाम में भक्तों की भीड़ सुबह से ही उमड़ना शुरू हो गया था जो दोपहर तीन बजे तक लगातार भीड़ देखने मिली तो इसी प्रकार से गुरू पूर्णिमा के चलते क्षेत्र के नर्मदा घाटों पर भी भक्तों की दिन भर भीड़ लगी हुई देखी गई जहां पर हजारों लोगों ने माँ नर्मदा के तट पर पहुंचकर पूजन अर्चन करते हुये माँ नर्मदा जी के निर्मल नीर में आस्थ की डुबकी लगाते हुये पूजन अर्चन किया गया तो अनेक जगहो पर कन्या भोज व भंडारे के आयोजन होते हुये भी देखे गये।

## अधिकारियों की बेरूखी से फ्लाप शो साबित हो रहा जनसुनवाई कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेडा।** जहां एक ओर शासन द्वारा लोगों की समस्याओं का शीघ्रता के साथ समाधान हो इसी सोच के साथ जनसुनबाई कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया था मगर देख जा रहा है कि मंगलवार को आयोजित होने वाली इस जन सुनबाई कार्यक्रम के तहत तहसील व ब्लाक पर आयोजित होने वाले जनसमस्या निवारण शिविर, लोक कल्याण शिविर मे जन समान्य की समस्याएं हल न होने के बाद शासन द्वारा जनसुनवाई कार्यक्रम बड़े जोर शोर से प्रारंभ किया गया था और शुरूआती दौर में इसका सिर्फ पुलिस विभाग को दायित्व सौंपा गया था। मगर इसके बाद प्रशासनिक अधिकारियों के साथ साथ सभी शासकीय कार्यालयों को निर्देश देकर जनसुनवाई कार्यक्रम लागू हुआ, जिसके चलते सभी शासकीय कार्यालयों के अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि वह प्रत्येक मंगलवार को ग्यारह से एक बजे तक सभी विभाग के जिम्मेदार अधिकारी अपने अपने कार्यालयों मे बैठकर जनसुनवाई करेंगे। मगर यह आयोजन के चलते शुरूआती दौर में कुछ मामलों मे असर कारक परिणाम देखने मिले है। मगर इसके बाद देखते ही देखते यह जन सुनवाई कार्यक्रम मे अधिकारियों द्वारा शायद रूचि लेना बंद कर दिया गया जिसके चलते ठंडे बस्ते में दिखाई देने लगी है। जिसमें विशेष रूप से देखा जावे तो ब्लाक स्तर पर बैठे बडे बडे अधिकारियों के समक्ष अपनी शिकायते रखने लंबी लाईन लगने लगती हुई देखी जा गई थी। कुछ इसी प्रकार से पुलिस विभाग का भी यही हाल हुआ करता था। पर यहां के शासकीय कार्यालयों में कुछ माहों से यह देखने मे आ रहा है कि वर्तमान प्रशासन के मुखिया इस दिन की जिम्मेदारी अपने मातहतों को देने लगे व आवेदन पत्रों का त्वरित निराकरण के बजाये कई माहों मे लचर गति से निराकरण हो रहा है या हो जायेगा जैसे जबाव हितग्राहियों को मिलने लगे, परिणामतः लोगों के जख्मों पर जनसुनवाई कार्यक्रम भी मरहम नही लगा पाया, लोग अब भी आस मे आते है पर निराश होकर लौट रहे है। यह बात अलग है कि अनुविभागीय कार्यालय तो हर मंगलवार को जनसनवाई शिविर लगते हुये देखा जाता है। मगर अन्य कार्यालय जैसे जनपद कार्याय, बिजली विभाग के आलवा चीचली, सालीचौका, सांईखेडा मे मंगलवार के दिन कार्यालय सूने दिखाई देते है जिसके चलते यहां के लोगों को अपनी परेशानी लेकर गाडरवारा तक भटकने लिये परेशानी होते हुये देखा जाता है।इस प्रकार यहां के तहसील मुख्यालयों से लेकर ब्लाको के तो हाल बेहाल है यहां अधिकारी उक्त समय पर कार्यालय को गंभीरता पूर्वक क्रियान्वित करे तो ही जनता को इससे लाभ मिल पायेगा अन्यथा यह प्लॉप शो ही माना जायेगा।

## गुरू पूर्णिमा पर सहावन हाई स्कूल में लटकते हुये नजर आया ताला

### शासन के आदेश के बाद भी आयोजित नहीं हुआ कोई कार्यक्रम





**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।**

गुरू पूर्णिमा पर्व हर साल देश में अपने गुरूओं के सम्मान में मनाया जाता है। क्योंकि हर व्यक्ति के जीवन में गुरू द्वारा प्रदान की गई शिक्षा का अहिम स्थान होता है इसी के चलते गुरू को भगवान से बढ़कर दर्जा दिया जाता है। इसी बात को ध्यान में रखते हुये प्रदेश सरकार द्वारा भी गुरू पूर्णिमा का पर्व प्रदेश के सभी स्कूलों में धूमधाम से मनाने के आदेश जारी करते हुये अधिकारियों के लिये पत्र जारी करते हुये स्पस्ट आदेश दिये गये थें की गुरू पूर्णिमा पर्व स्कूलों में लगातार दो दिनों तक मनाया जावेगा। म.प्र. शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय बल्लभ भवन भोपाल द्वारा जारी किये गये अपने पत्र में उल्लेख किया गया था कि मंत्री परिषद की बैठक दिनांक 1 जुलाई 2024 को मुख्यमंत्री द्वारा दिये गये निर्देशों के परि पालन में राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि प्रदेश के सभी सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों में गुरू पूर्णिमा के अवसर पर विद्यालयों में दिनांक 20 एवं 21 जुलाई 2024 को दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किये जावे। इस आदेश के तहत 20 जुलाई को स्कूलों में प्रार्थना सभा के पश्चात प्रार्थना स्थल पर शिक्षकों द्वारा गुरू पूर्णिमा के महत्व एवं पारंपरिक गुरू- शिष्य संस्कृति पर प्रकाश डालने के आलवा प्राचीन काल में प्रचलित गुरूकल व्यवस्था एवं उसका भारतीय संस्कृति पर प्रभाव संबंधी निबंध लेखन कार्यक्रम तथा 21 जुलाई 2024 यानि की गुरू पूर्णिमा के मुख्य दिवस पर विद्यालयों में वीणा वादिनी माँ सरस्वती जी की वंदना, गुरू वंदना एवं दीप प्रज्जवलन के साथ माल्यापर्ण कार्यक्रम के आलवा गुरूजनों एवं शिक्षकों का सम्मान तथा शिक्षको और विद्यार्थियों द्वारा गुरू संस्मरण पर संभाषण के कार्यक्रम आयोजित किये जावेगे। वही आदेश में स्पष्ट उल्लेख था कि विद्यालयों में आयोजित किये जाने वाले गुरू पूर्णिमा उत्सव कार्यक्रमों में 21 जुलाई 2024 गुरू पूर्णिमा के अवसर पर यथा संभव साधु संतों सहित गुरूजनों, शिक्षकों, सेवानिवृत शिक्षको के आलवा पूर्व छात्रों व आमजनों को भी आमंत्रित किया जावे। इस तरह शासन द्वारा सभी सरकारी व निजी स्कूलों को गुरू पूर्णिमा पर्व उत्सव के साथ लगातार दो दिन तक मनाने के आदेश जारी किये गये थें। जिससे संस्था के छात्र छात्राओं को गुरू की महिमा के महत्व से अवगत कराया जावे। प्रदेश शासन के शिक्षा विभाग द्वारा जारी किये गये आदेश से जिले के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को आदेशित किया गया था कि वह अपने जिले के सभी स्कूलों में इस आदेश का पालन कराया जावे। इस आदेश के पालन मे नरसिंहपुर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा संपूर्ण जिले के स्कूलों में पदस्थ प्राचार्यो को निर्देश दिये गये थें कि प्रदेश शिक्षा विभाग के आदेश के परिपालन में अपने अपने स्कूलों में गुरू पूर्णिमा दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किये जावे। मगर जब जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत आने वाले अन्य सरकारी व निजी स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित होते हुये देखा गया और ग्राम सहावन हाई स्कूल में गु पूर्णिमा के मौके पर ताा लटकते हुये देखा तो लोग हैरत मे पड़ने से नही चूक पाये और लोग यह बात कहते हुये सुने जा रहे थें कि इस संस्था मं पदस्थ प्राचार्य क्या प्रदेश के शिक्षा विभाग से भी अधिक पावर रखते है जो शिक्षा विभाग के आदेश को दर किनार करते हुये अपनी सस्था में गुरू पूर्णिमा उत्सव मनाने की जगह ताला लटकाये हुये है? इस तरह प्रदेश के शिक्षा मंत्री की ही विधान सभा क्षेत्र में इस तरह शिक्षा विभाग के आदेश की हव्हेलना होते हुये देखा जाना जहां चर्चा का विषय बनने से नही चूक पा रहा है? इस संबंध में जब हरिभूमि प्रतिनिधि सालीचौका ने जिले के शिक्षा अधिकारी को इस तरह गुरू पूर्णिमा के मौके पर हाई स्कूल में ताला लगे रहने के साथ किसी तरह से कोई कार्यक्रम आयोजित नही होने से अवगत कराते हुये चर्चा की गई तो उनका कहना था कि यह बात सत्य है कि प्रदेश के शिक्षा विभाग द्वारा सभी स्कूलों में गुरू पूर्णिमा के मौके पर दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित करने के आदेश जारी किये गये थें। मुझे आपके द्वारा ही जानकारी मिली है कि सहावन हाई स्कूल में गुरू पूर्णिमा के मौके पर ताला लगा रहा है किसी भी प्रकार से कोई कार्यक्रम आयोजित नही हुआ है। मै इसकी जानकारी लेता हूं और ऐसा हुआ है तो गलत है कार्यवाही की जावेगी। इस प्रकार से चीचली ब्लाक शिक्षा अधिकारी से चर्चा की गई तो उनके द्वारा भी यही बात कही गई कि शासन का आदेश था कि सभी सरकारी व निजी स्कूलों में गुरू पूर्णिमा पर दो दिवसीय उत्सव कार्यक्रम आयोजित किये जावे। यदि किसी संस्था द्वारा कार्यक्रम आयोजित नही किये तो वह गलत है। इस संबंध में आपके द्वारा जानकारी मिली है मैं इसकी जांच कराते पता करती हूं। इसी तरह ग्राम पंचायत सहावन के सरपंच बलवीर सिंह ठाकुर से पूछा गया कि गुरू पूर्णिमा के मौके पर हाई स्कूल में आयोजित किसी कार्यक्रम में आपको आमंत्रित किया गया था तो उनके द्वारा बताया गया कि हमें स्कूल से किसी भी कार्यक्रम के संबंध में कोई सूचना नही आई है। इस तरह पंचायत के सरपंच महोदय को भी स्कूल द्वारा अपने कार्यक्रम में आमंत्रण नही दिया गया जो इस बात को उजागर करते हुये जान पड़ रहा है कि स्कूल में किसी तरह से गुरू पूर्णिमा के मौके पर कार्यक्रम का आयोजन नही किया गया है। जबकि आदेश में यह स्पष्ट आदेश था कि दूसरे दिवस यानि की 21 जुलाई गुरू पूर्णिमा के मौके पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में आमजन को बुलाना है। मगर बडे ही हैरत की बात है कि इस तरह शिक्षण संस्था के कर्ताधर्ताओं द्वारा प्रदेश शासन के आदेश की धज्जियाँ उड़ाते हुये गुरू पूर्णिमा के मौके पर किसी तरह का कार्यक्रम आयोजित नही किया गया तो अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि शासन की सोच के अनुसार बच्चों को गुरू के महत्व संबंधी शिक्षा कैसे प्राप्त हो पायेगी..?

## क्षेत्र में लगातार विकास की गंगा बहने के बाद भी इन गरीबों को सुगम मार्ग उपलब्ध न होना खड़े कर रहा सवाल

**हरिभूमि न्यूज/ बारहाबड़ा।** जहां एक ओर सरकार द्वारा बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए प्रतिवर्ष अनेक प्रकार के आयोजन करते हुए उन्हें खोज खोजकर स्कूल जाने के लिए प्रेरित किया जाता है। मगर बच्चों को स्कूल जाने के लिए जब सुलभ रास्ते नही होगे तो वह इस स्थिति में वह केसे स्कूल पहुंच पायेगे? इस बात की सच्चाई इस जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत आने वाले आदिवासी ग्राम गोटिटोरिया से दूर दराज पहाड़ी इलाको में आसानी से देखने मिली है, जहां पर आज भी ऐसे कुछ ग्राम बसे हुए है जहां पहुंचने के लिये दुर्गम रास्ते एवं पगड़न्डी रास्तों से होते हुए पहुंचना पड़ता है? बताया जाता है कि स्थानें पर न तो लाइट की व्यवस्था है न और न ही स्वास्थ्य न शिक्षा की व्यवस्था तथा खाने पीने का सामान उपलब्ध न होने के कारण उन्हे कई किलो मीटर पैदल चलकर गोटिटोरिया पहुंचकर बस के साधन से गाडरवारा आकर वे अपनी जीविका चलाने के लिए माहुल के पत्ता, चिरौंजी, गौंद, शहद, झाड़ू, लाठिया, ककड़ी, बाबेर, घास बेंचकर दैनिक उपयोग का सामान खरीददकर पुनः वापिस जंगल की उन्हें पहाड़ियों में पैदल जाते है। प्राचीन समय में ये आदिवासी जंगली इलाकों में रहकर मालगुजारी प्रथा में मक्का, कुटकी फसल लेकर अपना जीवन यापन कर रहे थे। देश की आजादी के बाद जब मालगुजारी उन्मूलन प्रथा समाप्त की गयी तो इन आदिवासियों को भू स्वामी के पट्टे दिये ताकि वे अपना जीवन यापन सुचारू रूप से चला सके। लेकिन अधिकांश जगहों पर आज भी ये भोले भाले आदिवासी मुख्यधारा से हटकर अपना जीवन यापन कर रहे है, हालांकि केन्द्र सरकार से लेकर राज्य सरकार तक इन आदिवासियों को मुख्य धारा से जोड़ने के लिये अनेको जन कल्याणकारी योजना चला रही है और प्रयास कर रही है कि इनको योजनाओं का लाभ मिले ताकि उनके रहन सहन में सुधार हो सके मगर वह सिर्फ कल्पना मात्र ही साबित होता हुआ जान पड़ रहा है। क्योंकि विगत दिनों बड़ा गांव तलैया के आदिवासी बच्चे छात्रावास चीचली से अपना परीक्षा परिणाम लेकर भूखे प्यासे पैदल अपने गांव जाते हुए दिखे तो इस स्थिति को देखकर यह जान पड़ा की शासन की योजनाएं सिर्फ कागजों तक ही सीमित जान पड़ने से नही चूक रहा है? क्योंकि जहां सरकार द्वारा बच्चों का शिक्षा स्तर बढ़ाने के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही है, वही दूसरी ओर बच्चों स्कूल आने जाने के लिए मार्ग तक उपलब्ध नही हो पा रहा है तो फिर क्या सरकार का स्कूल चले हम सपना खाक साकार हो पायेगा?

## आज सोमवार से शुरू हो रहा है शिवजी की आराधना में डूबने वाले श्रवण मास, डमरू घाटी सहित शिव मंदिरों में उमडेगा भक्तों का सैलाब

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**



इस वर्ष सावन मास की शुरूआत जिस तरह सोमवार के दिन से होने के साथ साथ समापन भी सोमवार के दिन होना निश्चित तौर से शिवजी के भक्तों के लिये बडा ही लाभकारी बताया जा रहा है। आज से शुरू हो रहे श्रवण मास के चलते जहां शिव मंदिरों में भक्तों का सैलाब उमड़ने की शुरूआत हो जावेगी। मगर सावन मास से पहला ही दिन सोमवार का कहना शिव भक्तों के लिये सुखमय संदेश लेकर आने से नही चूकेगा। इसी के चलते आज श्रवण मास के पहले दिवस व सावन मास का पहला सोमवार होने के चलते शिवधाम डमरूघाटी सहित नगर के विजय कालोनी, सिंचाई विभाग, नर्मदा कालोनी, नगर पालिका के पास पुराने आर ई एस कार्यालय के पास बने हुये शिव मंदिर, नालंदा स्कूल के पीछे स्थित शिव मंदिर में शिवजी की आराधना करने वालों का सैलाव उमड़ने से नही चूकेगा। वही दूसरी ओर आज अनेक जगहों पर शिव अभिषेख के कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। बताया जाता है कि इस बार श्रवण मास में कुल पांच सोमवार पड़ेग जिसमें सावन मास की शुरूआत भी सोमवार के दिन से हो रहे तथा सावन मास का अंतिम दिवस भी सोमवार के ही दिन पडेगा। इस प्रकार 22 जुलाई से शुरू हो रहे श्रवण मास 19 अगस्त रक्षा बंधन सोमवार के दिन समाप्त होगा। शिवजी के प्रिय माने जाने वाले इस सावन माह भर जगह जगह शिव पुराण, भागवत कथा सहित अन्य प्रकार के धार्मिक कार्यक्रमों की धूम मची हुई देखने मिलेगी तो दूसरी ओर शिव मंदिरों में लगातार पूजन के कार्यक्रम चलते हुये देखे जावेगे।

**खबर संक्षेप**

## शासकीय महाविद्यालय परिसर मेहदवानी में किया गया पौधारोपण



**हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी।** शासकीय महाविद्यालय मेहदवानी में शनिवार को पौधरोपण अभियान कार्यक्रम किया गया। पौधरोपण अभियान में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ लेखराम कुर्मी के मार्गदर्शन में डॉ गौरी सिंह परते राष्ट्रीय सेवा योजना संयोजक द्वारा पौधरोपण अभियान कार्यक्रम के तत्वावधान में महाविद्यालय परिसर में आम , जामुन, गंजी, नीम के पौधों का रोपण किया गया। भोज मुक्त विश्वविद्यालय अध्ययन केंद्र शासकीय महाविद्यालय मेहदवानी के छात्र छात्राओं द्वारा पौधरोपण कार्य में सराहनीय योगदान दिया गया। पौधारोपण के साथ छात्र छात्राओं ने एवं अपनी अपनी ग्राम और आसपास के लोगों को भी जल संरक्षण करने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर डॉ गौरी सिंह परते संयोजक भोज मुक्त विश्वविद्यालय अध्ययन केंद्र शासकीय महाविद्यालय मेहदवानी, डॉ शशिकांत चंदेला, डॉ सुरेश प्रसाद पाण्डेय, सुश्री माया कनासे, श्रीमती सुंदरवती यहके, श्री संदीप कुमार साहू रमेश खैरवार छात्र अखिलेश कुमार, बेंकट साहू, श्रीराम साहू, संदीप सिंह, यशोदा आदि सभी छात्रों ने उपस्थित होकर बढ़ चढ़कर भागीदारी की जो अत्यंत सराहनीय रहा।

## सीएम राइज स्कूल में मनाया गया गुरु पूर्णिमा का पर्व



**हरिभूमि न्यूज गोरखपुर।** करंजिया विकासखंड अंतर्गत कस्बा गोरखपुर सहित अंचल में रविवार को गुरु पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा भाव के साथ मनाया गया।इस मौके पर मोहतरा के सीएम राइज स्कूल में भी गुरुओं के सम्मान में विधिवत कार्यक्रम का आयोजन किया गया यहां मंत्रोंच्चारण से कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मां सरस्वती तथा महापुरुषों के तैल चित्र में तिलक वंदन पूजन कर शुभारंभ किया गया तत्पश्चात आगुंतक अतिथियों ने गुरु पूर्णिमा से संबंधित तथा गुरु पूजन के महत्व पर प्रकाश डाला कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहें सीएम राइज स्कूल के पालक शिक्षक संघ के अध्यक्ष सुभास मरावी ने भी गुरु के महत्व को विस्तार से बताया और इसे मानव समाज को प्रेरित करने व मार्ग दिखाने वाले सभी शिक्षकों के प्रति अपना आभार व्यक्त किया संबोधन के अगली कड़ी में सीएम राइज के प्रचार्य एम के उरमलिया ने अपने मुखार बिंद से कहा कि यह खास मौका उन तमाम गुरुओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का सुनहरा अवसर हैं जिन्होंने ने हमें जीवन के अलग अलग क्षेत्रों में सफल होने के लिए प्रेरित किया, और हमें सही मार्ग दिखाया सिखाया । इस दौरान कार्यक्रम का संचालन शिक्षक जे एस धुर्वे ने किया इस अवसर पर स्कूल के छात्र छात्राएं व शाला स्टाफ और क्षेत्र के वरिष्ठ गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें।

## मालगाड़ी की टक्कर से घायल वृद्ध जिला चिकित्सालय में भर्ती

**अनूपपुर।** रविवार को कोतवाली थाना अनूपपुर अंतर्गत परसवार गांव में अनूपपुर से अमलई की ओर जाने वाली रेलवे लाइन पर 60 वर्षीय वृद्ध अचानक मालगाड़ी से टकरा जाने से घायल हो गया जिसे ग्राम पंचायत परसवार के पदाधिकारी एवं ग्रामीणों द्वारा 108 एंबुलेंस की मदद से जिला चिकित्सालय भेज कर भर्ती कराया वहीं वृद्ध के बताए जाने पर उसके परिजनों को सूचित किया गया है। घटना के सम्बध में प्राप्त जानकारी अनूपपुर से अमलाई जाने वाली रेलवे ट्रैक में रविवार की शुरूआत 60 वर्षीय वृद्ध जो रेलवे ट्रैक में मिले अज्ञात व्यक्ति की शव को अन्य ग्रामीणों की तरह देख कर परसवार गांव की ओर जा रहा था तभी अनूपपुर से अमलाई की ओर जा रही मालगाड़ी के तेज हार्न बजने के बाद भी किनारे ना हो पाने पर मालगाड़ी ठोकर से घायल होकर रेलवे पटरी के बाहर पड़े होने की सूचना ग्राम पंचायत परसवार के सरपंच प्रतिनिधि अशोक कोल, सचिव जीतेन्द्र प्रजापति, रोजगार सहायक राजाराम पटेल एवं ग्रामीणों को मिलने पर स्थर पर पहुंचकर 108 एंबुलेंस को बुलाकर वृद्ध को जिला चिकित्सालय अनूपपुर में भर्ती कराया गया।

### न्यायालय के आदेश के बाद आरटीआई से मिली जानकारी में हुआ खुलासा

# सहायक परियोजना अधिकारी रामजीवन वर्मा पर फर्जी दस्तावेज के सहारे नौकरी हथियाने का आरोप



**हरिभूमि न्यूज डिण्डौरी। जिला पंचायत डिण्डौरी में सहायक परियोजना अधिकारी रामजीवन वर्मा पर कूट रचित और फर्जी दस्तावेज के सहारे नौकरी पाने के आरोप लग रहे है। सूचना के अधिकार से मिले दस्तावेज से यह साबित हो रहा है कि रामजीवन वर्मा ने नौकरी पाने की लालसा में शासन की आंख में धूल झोंककर नियम विरूद्ध तरीके से दस्तावेज तैयार करवा कर सरकारी नौकरी प्राप्त की है। वर्ष 2008 में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत रामजीवन कुमार वर्मा की संविदा नियुक्ति जिला पंचायत डिण्डौरी में सहायक परियोजना अधिकारी के तौर पर हुई थी।**

नियम विरूद्ध तरीके से चार माह के भीतर बिहार के बाद मध्यप्रदेश का मूल निवासी प्रमाण पत्र जारी लगभग 16 साल से जिले में सेवा दे रहे सहायक परियोजना अधिकारी के फर्जीवाडा की पोल तब खुली जब सूचना के अधिकार के तहत इनकी नियुक्ति संबंधी दस्तावेज मांगे गये। हालांकि जिले में पूर्व में भी डिप्टी कलेक्टर, पुरातत्व अधिकारी सहित अन्य कर्मचारी फर्जी तरीके से नौकरी कर चुके है। सच सामने आने के बाद भले प्रषासन ने कार्यवाई की हो लेकिन आदिवासी बाहुल्य जिला ऐसे अधिकारियों के लिए प्रयोग शाला और चारागाह साबित हुआ है।

**-न्यायालय की शरण में जाने के बाद मिली जानकारी**

सहायक परियोजना अधिकारी रामजीवन कुमार वर्मा के नियुक्ति संबंधी दस्तावेज प्राप्त करने के लिए आवेदनकर्ता अनिल पटेल को लंबा इंतजार करना पड़ा है। 11 अक्टूबर 2021 को सूचना के अधिकार के तहत जिला पंचायत डिण्डौरी में रामजीवन वर्मा की नियुक्ति संबंधी दस्तावेज की मांग की थी ,लेकिन लोक सूचना अधिकारी द्वारा इस बावद कोई कार्यवाई नही की गई और इस संबंध में आवेदक से पत्राचार करना भी उचित नही समझा गया। मजबूरन आवेदक ने 20 दिसंबर 2021 प्रथम अपीलीय अधिकारी कलेक्टर को अपील प्रस्तुत की और जानकारी प्रदान करने की मांग की गई। लेकिन न्यायालय अपर कलेक्टर डिण्डौरी ने प्रस्तुत प्रकरण की सुनवाई का क्षेत्र अधिकार जिला पंचायत होने का हवाला देते हुए प्रकरण नस्तीबद्ध कर दिया गया। तब अपीलार्थी ने राज्य सूचना आयोग भोपाल की शरण लेते हुए 17 फरवरी 2022 को द्वितीय अपील दायर की, जिसकी सुनवाई 14 सितंबर 2022 को करते हुए आयुक्त, मध्यप्रदेश राज्य सूचना आयोग भोपाल ने व्यक्तिगत जानकारी होने से निजता का हनन का हवाला देने के साथ न्यायालय द्वारा पूर्व में लिये गये निर्णय और विभिन्न दृष्टांत का उल्लेख करते हुए अपीलार्थी की अपील को खारिज कर दिया। तब आवेदक ने उच्च न्यायालय की शरण ली और एक जनहित याचिका दायर करते हुए जानकारी उपलब्ध कराये जाने का आग्रह किया । जिसकी सुनवाई करते हुए माननीय न्यायधीश विवेक अग्रवाल के न्यायालय ने 18 अगस्त 2023 को एक आदेश पारित करते हुए 15 दिवस में आवेदक को जानकारी दिये जाने के लिए आदेशित किया। जिसके बाद लोक सूचना अधिकारी जिला पंचायत डिण्डौरी के द्वारा रामजीवन वर्मा का नियुक्ति आदेष सहित संलग्न दस्तावेज उपलब्ध कराये गये।

**-ऐसे हुआ मामला उजागर**

सहायक परियोजना अधिकारी रामजीवन कुमार वर्मा के नियुक्ति आदेश व अन्य दस्तावेज प्राप्त होने के बाद उनका अवलोकन करने पर मूल निवासी एवं जाति प्रमाण पत्र में भिन्नता पाई गई। रामजीवन वर्मा द्वारा सरकारी नौकरी पाने के लिए जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया जिसमें उल्लेख है कि रामजीवन कुमार वर्मा पिता भागवत प्रसाद वर्मा जाति (कोरी ) कुशवाहा पिछडे वर्ग से वास्ता रखते हैं। जिनका निवास स्थान लखनपुर पोस्ट ऑफिस बुधगेरे जिला गया बिहार दर्शाया गया है। उक्त जाति प्रमाण पत्र दिनांक 18.06.1996 को डिसट्रिक मजिस्ट्रेट सदर गया बिहार द्वारा जारी किया गया हैं। वहीं मध्यप्रदेश मूल निवासी प्रमाण पत्र 14 अक्टूबर 1996 को तहसीलदार शुजालपुर जिला शाजापुर मध्यप्रदेश के द्वारा जारी किया गया है। महज चार माह के अंतराल में बिहार से मध्यप्रदेश के निवासी दर्शाने पर संदेह पैदा हुआ और आरटीआई कार्यकर्ता अनिल पटेल ने इस बावद दिनांक 11 मार्च 2024 को कलेक्टर डिण्डौरी को एक आवेदन प्रस्तुत कर सूक्ष्मता से जांच कराने की मांग की है । इसके साथ ही उन्होने तहसीलदार शुजालपुर जिला शाजापुर को आरटीआई के माध्यम से रामजीवन वर्मा को जारी मूल निवासी प्रमाण पत्र के संबंध में रामजीवन वर्मा द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज और शासन के दिशा निर्देश की मांग की थीं। वहीं कलेक्टर ने प्राप्त आवेदन के विरूद्ध जांच अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डिण्डौरी को सौंप दी ।

**-पंजियों में दायर नही है मूल निवासी प्रमाण पत्र जारी करने का उल्लेख**

आवेदक ने तहसीलदार शुजालपुर जिला शाजापुर में सूचना के अधिकार के तहत आवेदन प्रेषित किया था और रामजीवन वर्मा के मूल निवासी जारी संबंधी दस्तावेज और शासन के दिषा निर्देष की मांग की थी जिसके जबाव में तहसीलदार (लोक सूचना अधिकारी) शुजालपुर ने आवेदक को पत्र प्रेषित किया है। जिसमें उल्लेख है कि न्यायालय तहसीलदार शुजालपुर एवं न्यायालय नायब तहसीलदार के वर्ष 1996-97 की दायरा पंजियों का आवलोकन किया गया। आपके द्वारा आवेदन में उल्लेखित दिनांक 14.10.1996 को उक्त नाम का कोई प्रकरण पंजीकृत होना नही पाया गया । इस पत्र के बाद यह स्पष्ट हो गया कि सहायक परियोजना अधिकारी रामजीवन वर्मा द्वारा कूट रचित दस्तावेजो के सहारे सरकारी नौकरी हासिल की है। मूल निवासी एवं जाति प्रमाण पत्र के संबंध में इस विषय के जानकार अधिकारियों से चर्चा की गई तो उनके द्वारा बतलाया गया कि उस दौरान दूसरे प्रदेश का मूल निवासी होने के लिए कम से कम तीन वर्ष का निवासी होना अनिवार्य था, प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा भी मूल निवासी के लिए प्रदेश में ही अनिवार्य थी। इसके अलावा सरकारी नौकरी को लेकर प्रावधान है कि व्यक्ति दूसरे प्रदेश में नौकरी के लिए आवेदन करता है तो वह एससी, एसटी, ओबीसी का केडर बदलकर सामान्य श्रेणी का माना जायेगा और उसी पात्रता के आधार पर सरकारी नौकरी मिलेगी। लेकिन रामजीवन कुमार वर्मा की सरकारी नौकरी शासन के नियम निर्देशों पर भारी है।

**इनका कहना है...............**

शिकायत से संबंधित सभी दस्तावेजो का अवलोकन किया गया है इस बावद जांच पूर्ण कर कलेक्टर महोदय को जांच प्रतिवेदन प्रेषित किया गया है। आगामी कार्यवाई उच्चाधिकारियों के निर्देश पर की जावेगी।

**-रामबाबू देवांगन, एस.डी..एम. डिण्डौरी**

## प्रतिबंध के बावजूद नर्मदा किनारे धड़ल्ले से बिक रही अवैध शराब

**अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने में जिला प्रशासन एवं आबकारी विभाग नाकाम**

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान ने नर्मदा तट से 5 किलोमीटर के दायरे में शराब विक्रय पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया था, इसके साथ ही नर्मदा किनारे बसे नगरों को तीर्थ स्थल घोषित किया गया था। माँ नर्मदा को स्वच्छ रखने के लिए 5 किलोमीटर के दायरे में आने वाली समस्त दुकानों को बंद करने का फैसला लिया था उक्त फैसले से डिंडौरी में संचालित मदिरा दुकान को बंद किया गया था। तकरीबन 7 वर्ष बीत जाने के बाद भी डिंडौरी शहर में शराब की अवैध बिक्री जारी है। बता दें कि नर्मदा को स्वच्छ रखने के लिए शहर की अंग्रेजी व देशी शराब दुकानों को बंद करने का दावा किया गया था उसके एवज में अब शहर के हालात यह हो गए हैं कि छोटे जलपान के दुकानों से लेकर ढाबों तक, पान की गुमटीयों से लेकर अण्डा दुकानों तक शराब उपलब्ध कराई जा रही है।




**-पान ठेले और गली गली बिक रही शराब**

शराब के आहते बंद होते ही शहर के व्यस्ततम जगहों से लेकर गली-गली में अघोषित रूप से शराब विक्रय की जा रही है। गल्ला गोदाम, पुरानी डिंडोरी, सुबखार, अमरकण्टक रोड में संचालित अधिकतर ढाबों पर सुबह से लेकर रात तक जाम से जाम टकराए जा रहे हैं। रात होते ही शराबखोरी चरम पर पहुंच जाती है। यह हालत एक जगह की नहीं है बल्कि ढाबों के आसपास सबसे ज्यादा हालत खराब है, जहां सड़क किनारे टपरानुमा दुकानों में बैठकर शराब परोसी जा रही है। गौरतलब है कि इन जगहों पर संबंधित थाने की पेट्रोलिंग की जाती है लेकिन टीम को यह मंजर नहीं दिखाई देता है, जिससे जाहिर है कि इसकी अनदेखी हो रही है या फिर ये आबकारी विभाग की साठगांठ से काला कारोबार चल रहा है।

**-इन जगह पर परोसी जा रही शराब**

जबलपुर रोड व अमरकण्टक रोड में संचालित अधिकतर ढाबा, पान दुकान, पुरानी डिंडोरी होटल एवं बाइपास तिराहा वहीं सफेद पोश ठेकेदार के गुर्गे घर-घर अवैध शराब पहुँच सेवा उपलब्ध करा रहे है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बजाग में मोबाइल रोशनी में हुई डिलेवरी

**जनरेटर और सोलर प्लेट बने शोपीस रात में 10 से 2 बजे तक बंद रही हॉस्पिटल की लाईट**

**-मनमानी पूर्वक हो रहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का क्रियान्वयन**

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** सरकार और प्रशासन के लाख दाबो के बाद भी डिंडोरी आदिवासी बाहुल्य जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था इन दिनों पटरी से उतर गई है। भगवान भरोसे चल रही यह स्वास्थ्य व्यवस्था का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि एक बार फिर डिंडोरी जिले के विकास खंड बजाग मुख्यालय पर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बजाग में रात के अंधेरे में मोबाइल की रोशनी से डिलेवरी करानी पड़ी। जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था का आलम यह है कि अंधेरे में मोबाइल से डिलेवरी कराना अब आम बात हो गई है। जिले के रहवासियों को अब इस तरह की लापरवाही से रूबरू होने की आदत सी हो गई है वहीं दूसरी ओर इस तरह की लापरवाही से यदि जच्चा बच्चा को किसी तरह का नुकसान होने पर जिम्मेदार कौन होगा। हालांकि क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर प्रशासन लाख दाबे करे पर विभागीय अमला और स्वास्थ्य कर्मियों की लापरवाही के चलते अंधेरे में मरीजों का हलाकान होना आम हो चला है। सर्वविदित है कि कुछ सप्ताह पूर्व विकास खंड बजाग के ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरवाही में बिजली विभाग की लापरवाही के



चलते चार दिन से लाईट बंद होने से अंधेरे में जचकी कराने का मामला सामने आया था और मीडिया में खबर प्रकाशन करने के बाद बिजली बहाल की गई थी। बैगाचक के स्वास्थ्य विभाग की उदासीनता के चलते इस तरह की लापरवाही से लोग रोज परेशान होते हैं बरसात के मौसम में बीमार मरीजों की संख्या बढ़ने के साथ ही आम मरीज भी गर्मी से हलाकान हो रहे हैं। पर विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को क्या फर्क पड़ता है की लोग परेशान हो रहे हैं।

**इनका कहना है**

अस्पताल में लाईट नहीं होने के कारण कारण अंधेरे में मोबाइल से डिलेवरी कराए हैं।

**-उमा बाई, परिजन**

डिंडोरी जिले में यह पहली बार नहीं कि मोबाइल से डिलेवरी करानी पड़ी। प्रशासन और विभागीय अधिकारियों की लापरवाही से इस तरह की समस्या हो रही है।

**-लोकेश पटेरिया**
**विधायक प्रतिनिधि**

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गुरु पूर्णिमा का पर्व



**हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व व भाजपा जिलाध्यक्ष अवधराज बिलैया जी के निर्देशन में एवं मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र साहू जी के मार्गदर्शन में मंडल महामंत्री सुदामा बर्मन जी के उपस्थिति में भारतीय जनता पार्टी मंडल मेहंदवानी के शक्ति केंद्र राई के बूथ कुकर्रा स्थित सार्वजनिक दुर्गा मंदिर में विधि विधान से गुरु पूर्णिमा का पर्व बड़ी धूमधाम से पूजन अर्चन कर मनाया गया। इस अवसर पर मंडल के अनुसूचित जनजाति मोर्चा अध्यक्ष कार्तिक राम उद्दे ,ग्राम के पटेल भगवान सिंह तेकाम, ग्राम पंचायत के उपसरपंच रामसाय तेकाम, जगदीश मरकाम, महेंद्र आर्मो, श्याम कुमार तेकाम, राजकुमार तेकाम, दौलत मरावी, शिवकुमार मसराम, झुन्नी लाल, दोहराम, लेखसिह, दिलीप परस्ते, सुमेरी मसराम एवं भाजपा समर्पित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मृतक परिवार को सांत्वना देने पहुंचे ब्लॉक अध्यक्ष

**हरिभूमि न्यूज अमरपुर।** जनपद पंचायत अमरपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम मनोरी में विगत दिवस संक्रामक बीमारी फैलने से हुई मृत्यु जहां उल्टी दस्त के कारण छः व्यक्तियों की मौत के बाद गांव में पहुंचे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमरपुर के अध्यक्ष महेन्द्र ठाकुर उनके साथ लोकसभा चुनाव प्रभारी तोक सिंह मरावी, मंडलम अध्यक्ष संदीप शाह, मंडलम अध्यक्ष खालिद खान, समाज कल्याण प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव मकसूद मंसूरी, समाज कल्याण प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष लियाकत अली, महेश कुमार आदि क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं के साथ परिवार की सदस्यों को सांत्वना देने पहुंचे तथा शासकीय योजनाओं से मिले लाभ की जानकारी ली। जिसमें



बताया गया कि जिस परिवार के तीन सदस्यों की मौत हुई उस परिवार को ग्राम पंचायत मनोरी द्वारा मात्र पांच हजार रुपए की सहयोग राशि दी गई। जबकि तीन व्यक्तियों का पंद्रह हजार देना था। जिससे पंचायत की लापरवाही महसूस की गई व पूरे गांव में फैली गंदगी भी संक्रामक बीमारी का कारण हो सकता हैं। जिससे स्वच्छ भारत अभियान की पोल खुलती नजर आई। जबकि ग्राम पंचायत की जवाबदारी बनती हैं कि गांव में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। अध्यक्ष द्वारा कहा गया कि सहायता राशि शीघ्र दिलवाने की व्यवस्था की जावेगी और कोई परेशानी आती हैं तो अवगत करवाएं कांग्रेस पार्टी हर संभव मदद करेंगी।

## मोटर साइकिल की जोडदार भिड़ंत, भिंडत से 2 की मौत 3 गंभीर

**-घटना स्थल पर पहुंचकर पुलिस कर रही मामले की जांच**


**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** थाना क्षेत्र गाड़ासरई अंतर्गत ग्राम भोकाडोंगरी में दो मौटर साइकल की आमने सामने भिड़ंत होने की जानकारी सामने आ रही है। जानकारी अनुसार घटना स्थल पर दो मोटरसाइकिल के भिड़ंत हुई जिसमें एक मोटरसाइकिल पर 2 तथा एक में तीन लोग सवार थे। घटना 1 बजे के आस पास की बताई जा रही है। घटना में एक व्यक्ति की घटना स्थल पर तथा एक की अस्पताल पहुंचते तक मौत हो जाने की जानकारी आ रही है। हालांकि हादसा अत्याधिक तेज गति से मोटर साइकिल टक्कर से हुई है जिसमें तीन सवार को अत्याधिक चोट आई है उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गाड़ा सरई पहुंचाया गया है। घटना की जानकारी लगते ही गाड़ा सर ई पुलिस मौके पर पहुंची तथा मामले की जांच कर रही है। सूत्र बताते हैं घटना इतना विभत्स है कि इस एक्सीडेंट में 1 व्यक्ति के सिर का हिस्सा पूरी तरह छतिग्रस्त होने की जानकारी आ रही है जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि हादसा कितना भयानक हुआ है। अभी तक सवारों के नाम और पता की जानकारी प्राप्त नहीं हुई है।

## महाविद्यालय शहपुरा में मनाया गया गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज शहपुरा।** गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर आज शासकीय महाविद्यालय शहपुरा में गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसके मुख्य अतिथि डॉ. राधेश्याम अग्रवाल (सेवा निवृत्त प्रोफेसर एवं प्राचार्य) रहे। कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई, तत्पश्चात डॉ. अग्रवाल ने अपने अनुभव साझा किए एवं गुरु पूर्णिमा के महत्व को विस्तार पूर्वक समझाया उन्होंने बताया कि किताबी ज्ञान के अलावा छात्रों को संस्कार एवं नैतिक शिक्षा भी देनी चाहिए। तत्पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य अजय भूषण ने अपने विचार रखें एवं उन्होंने गुरु एवं शिष्य के बीच के जीवन एवं उनके मार्मिक संबंध पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात सी एस परस्ते पूर्व प्राचार्य ने अपने वक्तव्य में गुरु पूर्णिमा के ऐतिहासिक महत्व पर जोर दिया साथ ही छात्रों को परिवार एवं समाज के हर व्यक्ति से कुछ अच्छा सीखने की सलाह दी। एस बी उरेती (प्राध्या. हिंदी ) ने छात्रों को नैतिक मूल्यों एवं महापुरुषों के दिखाए गए मार्ग पर चलने की सलाह दी। इस कार्यक्रम का संचालन कविता धुर्वे (प्राध्यापक अर्थशास्त्र) ने किया । इस कार्यक्रम में डॉ. नेहा तिवारी (क्रीड़ा अधि.) सी पी भानुवंशी, डॉ. बीपी झरिया, डॉ. एल पी अहिरवार, डॉ.स्मिता, डॉ. ओपी पटेल, डॉ राकेश साहू, पारूल श्रीवास्तव, राजदीप यादव, के.के. श्रोतिया, प्रियंका डुडवे, राजेश पाठक, पंकज झारिया अजय श्रीवास्तव एवं समस्त महाविद्यालय स्टॉफ और छात्र मैजूद रहे।

## गुरू पूर्णिमा पर्व पर जगह जगह चालीसा पाठ कार्यक्रम, नशामुक्ति डिंडोरी का संकल्प लेने शहपुरा में महाआरती प्रारंभ

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** भगवती मानव कल्याण संगठन और पंच ज्योति शक्ति तीर्थ सिद्धाश्रम धाम के तत्वावधान में गुरू पूर्णिमा के पावन पर्व पर नशामुक्त डिंडोरी खुशहाल डिंडोरी के लक्ष्य को लेकर माता भगवती आदिशक्ति जगतजननी जगदंबा एवं युग चेतना पुरुष शक्ति पुत्र जी महराज के आशीर्वाद से तहसील मुख्यालय शहपुरा में महाआरती का आयोजन का प्रारंभ किया गया। महाआरती मंगल भवन में अब हर माह की तृतीय रविवार को शहपुरा तहसील में प्रतिमाह महाआरती का आयोजन किया जाएगा। गुरू पूर्णिमा पर्व गुरू और शिष्य के रिश्ते को मजबूत करने और गुरू का आशीर्वाद प्राप्त



करने के लिए एक महत्वपूर्ण तिथि है जिसमें भक्ति मय वातावरण पूरे जिले में रहा। भगवती मानव कल्याण संगठन के तत्वावधान में पूरे जिले में दर्जनों स्थानों पर 5 घंटे का अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ आयोजन किया गया जिसमें करंजिया, बजाग, डिंडोरी, शहपुरा, समनापुर, अमरपुर में अनेक स्थानों पर आरती का आयोजन भी किया गया।

**-फरवरी में शक्ति चेतना जन जागरण शिविर**

डिंडोरी जिले में पंच ज्योति शक्ति तीर्थ सिद्धाश्रम धाम और भगवती मानव कल्याण संगठन के संस्थापक श्री शक्ति पुत्र महराज ने डिंडोरी जिले में शक्ति चेतना जन जागरण शिविर का आयोजन करने का आशीर्वाद प्रदान किया है। जिले में भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ता भोला राठौर ने बताया कि शौभाग्य शाली क्षण जो डिंडोरी जिले को प्राप्त हो रहे हैं, कि गुरूवर श्री का आगमन डिंडोरी जिले में हो रहा है तथा क्षेत्र के लोगों को भक्ति ज्ञान और आत्म शक्ति की गंगा बहाने शक्ति पुत्र महराज जी डिंडोरी जिले में आ रहे हैं। विशाल शिविर का उद्देश्य जन जन को माता भगवती की आराधना करते हुए धर्म राष्ट्रा और मानवता के प्रति जागरूकता तथा नशा मुक्त डिंडोरी बनाने के लिए भगवती मानव कल्याण संगठन के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है।

**खबर संक्षेप**

### प्रिजन टू प्राइड अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित

**नरसिंहपुर।** केन्द्रीय जेल नरसिंहपुर में परिरूत्र बंदियों में छिपी हुई सृजनशीलता, सकारात्मक सोच, अनुशासन, खेल भावना एवं अच्छे स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड मप्र भोपाल द्वारा परिवर्तन- प्रिजन टू प्राइड पहले के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड मप्र भोपाल के मुख्य प्रबंधक श्रीकांत माधव विद्या और सदस्य प्रशांत सिंह, आलोक जैन , शुभम पांडेय द्वारा कार्यक्रम में खेल सामग्री प्रदाय की गई। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड भोपाल द्वारा बंदियों के मध्य सदभावनापूर्ण वातावरण बनाये रखने के उद्देश्य से जेल में निरूद्ध बंदियों के बीच कैरम, शतरंज, बॉलीबाल, एवं बैडमिंटन खेल प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। नामांकित बंदियों को बाहरी कोच द्वारा खेल प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में प्रशांत सिंह ने कहा कि खेल शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक विकास एवं नवीन ऊर्जा उत्सर्जन के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। आयोजन में उपस्थित जेल अधीक्षक अजमेर सिंह ठाकुर ने आभार प्रदर्शन किया। इस दौरान उप जेल अधीक्षक महेश प्रसाद टिकारिया, सहायक जेल अधीक्षक एडवर्ड स्वामी, आशीष खरे सहित सुरक्षा स्टॉफ मौजूद था।

### बाबा के दरबार में रोपित होंगे 200 पौधे- अध्यक्ष

**उमरिया।** सावन सोमवार 22 जुलाई से प्रारंभ हो रहा है, मंदिरों एवं देवालयो में शिव भक्तों का दर्शन के लिए तांता लगा रहेगा। भगवान शिव को समर्पित पावन श्रावण सोमवार के एक दिन पूर्व नगर के राजा मढ़ीबाग धाम के दरबार में पैग़ाम फाउंडेशन द्वारा स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया।पौराणिक कहावत है कि जहां स्वच्छता होती है वहाँ भगवान का वास होता है इसी उद्देश से दरबार में आने जाने वाले भक्त सुगमता से दर्शन कर सके इस उद्देश से ज़िले के सक्रिय समाजसेवी संस्था पैग़ाम फाउंडेशन ने टीम के साथ मिलकर बाबा के दरबार के साफ-सफाई का बीड़ा उठाया। टीम के अध्यक्ष योगेश खंडेलवाल ने बताया है कि टीम प्राचीन धरोहर के संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन के प्रति सच्ची श्रद्धा से प्रतिबद्ध है। हमारे द्वारा मंदिर परिषर की साफ़ सफ़ाई की गई जिसमें परिषर से पॉलीथिन, बॉटल, अगरबत्ती के पन्नी, नारियल के अवशिष्ट को एकत्र कर निर्धारित कूड़ेदान में डाला गया । स्वच्छता के साथ साथ टीम ने पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में दरबार को अधिक सुंदर बनाने के लिए 200 पौधे रोपित करने का संकल्प लिया है जो जल्द ही पूर्ण किया जाएगा।अभियान को सफल बनाने में रामसाजीवन चतुर्वेदी,मोशिम,सौरभ मिश्रा,धर्मेंद्र सिंह,सुनील बर्मन का विशेष योगदान रहा है।।

### अमोल खोह अमलेश्वरधाम में मनाई गई गुरू पूर्णिमा

**उमरिया।** जिले एवं डिंडौरी जिले के सीमा के बीच स्थित अमोल खोह अमलेश्वर धाम के नाम से जाना जाता है, जहां विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी गुरु पूर्णिमा बडे धूम धाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय पांच दस जूना अखाड़ा के अंतर्राष्ट्रीय सचिव श्री श्री 108 श्री भगत गिरी (बच्चू महाराज ) जी के सानिध्य में कार्यक्रम संपन्न हुआ ।

# धर्मगुरुओं द्वारा चातुर्मास व्रत अनुष्ठान प्रारंभ

## गुरु पूर्णिमा पर गुरुओं की हुई पूजा- अर्चना






**गुरू पूर्णिमा के अवसर पर सम्पूर्ण जिले मे विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शासन के निर्देशानुसार जिले के शैक्षणिक संस्थानों मे गुरु पूर्णिमा पर कार्यक्रम आयोजित किये गये।**

नरसिंहपुर/ करेली ।

जिसमे शिष्यों द्वारा गुरूओं का पूजन अर्जन कर शुभाशीष लिया गया। शासन द्वारा गुरू व शिष्य परम्परा को बनाये रखने के लिये कार्यक्रम आयोजित कराये गये। वही गुरूपूर्णिमा पर धर्म गुरूओं द्वारा चतुर्मास व्रत अनुष्ठान प्रारंभ किया गया। झोंतेश्वर स्थित परमहंसी गंगा आश्रम मे महाराज श्री के शिष्य मंडल द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। गुरू पूर्णिमा के अवसर पर भक्तो की काफी भीड़ रही हजारों की संख्या में पहुंचकर भक्तो द्वारा पादुका पूजन किया गया।

### स्कूलों मे आयोजित हुआ कार्यक्रम

गुरू पूर्णिमा के अवसर पर जिले की समस्त शासकीय एवं अशासकीय प्राथमिक, माध्यमिक, हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिले में गुरू पूर्णिमा के अवसर पर दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किये गये। गुरू पूर्णिमा के प्रथम दिवस पर प्रार्थना सभा के पश्चात शिक्षकों द्वारा गुरू पूर्णिमा के महत्व एवं पारंपरिक गुरू- शिष्य संस्कृति विषय पर चर्चा की। प्राचीन काल में प्रचलित गुरूकुल व्यवस्था एवं उसका भारतीय संस्कृति में प्रभाव पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। द्वितीय दिवस में गुरू पूर्णिमा पर्व पर विद्यालयों में वीणा वादिनी मां सरस्वती वंदना, गुरू वंदना एवं दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित किये गये। कार्यक्रम में साधु- संतों, गुरूजनों, शिक्षकों व सेवानिवृत्त शिक्षकों को भी आमंत्रित किया गया।

### नरसिंह प्रभात फेरी द्वारा कार्यक्रम आयोजित

महर्षि आश्रम महर्षि वेद विज्ञान विद्यापीठ में रविवार को गुरु पूर्णिमा पर विविध कार्यक्रम हुए। कार्यक्रम में गुरु के महत्व और योगी महर्षि महेश के व्यक्तित्व एवं कृतित्व की चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि महर्षि जी ने भारत का नाम पूरी दुनिया में रोशन किया। कार्यक्रम के अंतर्गत भजन कीर्तन और सुंदर पाठ का आयोजन हुआ। अध्ययनरत बच्चों एवं नरसिंह प्रभात फेरी के सदस्यों ने प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के प्रारंभ में पूजा पाठ की गई। आश्रम प्रभारी अश्वनी भार्गव ने कहा कि समय- समय पर गुरु का मार्गदर्शन लेते रहना चाहिए और हर कार्य समय पर करना चाहिए। प्रभारी सतीश श्रीवास्तव ने महर्षि वेद विज्ञान विद्यापीठ के कार्यों और उद्देश्य को बताया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में पंडित प्रमोद सोनकिया, पार्षद नीलकमल जैन, नरसिंहपुर हांकी अकादमी के संस्थापक राजकुमार चैबे, पत्रकार नीलेश जाट, सुभाष ठाकुर, आचार्य राज पाठक, राजेश पटेल, संतोष पटेल, राजा श्रीवास्तव के अलावा आश्रम के आचार्य एवं विद्यार्थी मौजूद थे। आभार प्रदर्शन प्रधानाचार्य सुनील शर्मा ने किया।

### मनाया गया गुरु पूर्णिमा उत्सव

आदर्श शिक्षण समिति द्वारा संचालित महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय करेली में उच्चशिक्षा विभाग के निर्देशानुसार भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के सानिध्य में गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया गया मध्यप्रदेश शासन उच्चशिक्षा विभाग के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा इंदौर से गुरु पूर्णिमा के लाइव कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य सहित सभी प्राध्यापक एवं कर्मचारी सम्मलित हुए तथा मुख्यमंत्री के प्रेरणास्पद उद्बोधन को सुनते हुए अपनी सहभागिता की इस कार्यक्रम के पश्चात अपरान्ह महाविद्यालय में गुरुपूर्णिमा कार्यक्रम मनाया गया जिसमे अतिथियों द्वारा सरस्वती पूजन एवं विद्यार्थियों द्वारा गुरुवंदना एवं गुरुपूजन सम्मान के साथ कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ इस अवसर पर मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त शिक्षक एवं वरिष्ठ समाजसेवी ताराचंद पाराशर ने गुरु शिष्य परम्परा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जो गुरु के प्रति श्रद्धा का भाव रखता है उसे ही ज्ञान प्राप्त होता है गुरुपूर्णिमा कार्यक्रम मनाने का संकल्प लिया उन्होंने ये भी बतलाया कि प्राच्य भारत मे ऋषि मनीषा से भारत न केवल ज्ञान के क्षेत्र में अग्रणी था वरन आर्थिक रूप से भी अत्यंत सम्रद्ध था महाविद्यालय प्राचार्य ने डॉ यू एस परमार ने गुरुपूर्णिमा मनाने विभिन्न प्रसंगों का उल्लेख करते हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का मंच संचालन सहायक प्राध्यापक प्रदीप दुबे ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे ।

### मा नर्मदा घाटो पर रही भीड़, किया पूजन अर्चन

गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर शिष्यों ने अपने-अपने गुरुओं का पूजन अर्चन कर आशीर्वाद लिया गुरु पूर्णिमा के अवसर पर रविवार को बरमान के सतधारा , सीढ़ी घाट,रेत घाट पर अन्य तटो पर दमोह, सागर ,रायसेन, छिंदवाड़ा ,सिवनी आदि जिलो से सरे भरकर , पैदल, दो पहिया, चार पहिया वाहनो से, बस में बैठकर श्रद्धालु भक्तों ने मध्य प्रदेश की जीवन दायनी मां नर्मदा नदी के तट पर आकर पूजा दर्शन कर दीपदान कर आरती कर आशीर्वाद लिया और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की नर्मदा नदी की परिक्रमा करने वालों को अनाज का भी दान देकर पुण्य प्राप्त किया स भर्ता, दाल बाटी बनाकर नर्मदा नदी में भोग लगाकर सेवन किया स सतधरा,में हरिहर, मोनी बाबा आश्रम पहुंचकर हरिहर ,मोनी बाबा जी का आशीर्वाद लिया और बरमान कला के पास स्थित शिव मंदिर में पहुंचकर भगवान शंकर जी का पूजा दर्शन कर आशीर्वाद लिया। गुरुजी लक्ष्मी नारायण जी शास्त्री जी का का भी पूजन अर्जन कर श्रीफल भेटकर आशीर्वाद पत्रकार भागीरथ तिवारी,सुभाष तेनगुरिया, अमित वर्मा, सूरज शास्त्री आदि ने भी सपरिवार पहुंचकर आशीर्वाद लिया और शिव मंदिर के प्रांगण में पौधारोपण किया । गुरु पूर्णिमा पर वाहनों से आने वाले नर्मदा भक्तों को जाम का सामना न करना पड़े इस हेतु एसपी अमित कुमार, एएसपी नागेंद्र पटेरिया, एसडीओपी मोनिका तिवारी के निर्देशन में करेली पुलिस थाना प्रभारी सुभाष चंद्र बघेल, सुआतला थाना प्रभारी आशीष धुर्वे के नेतृत्व में भीषण गर्मी में पुलिस के द्वारा ड्यूटी की जा रही थी स लाखो नर्मदा भक्त गुरु पूर्णिमा पर आकर मां नर्मदा नदी में आकर स्नान कर पूजन अर्जन किया।

# विद्यार्थियों को वितरित की शैक्षणिक सामग्री




नरसिंहपुर।

गत दिवस बैंक ऑफ बड़ौदा के स्थापना दिवस एवम गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर एकीकृत माध्यमिक शाला गौड़ी धुवघट में गुरु सम्मान एवं उपहार वितरण का हुआ आयोजन इस अवसर पर ब्रांच मैनेजर बैंक ऑफ बड़ौदा एवं ब्रांच अधिकारी ने उपस्थित होकर शाला के प्रत्येक बच्चे को उपहार स्वरूप शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम में जनपद शिक्षा केन्द्र नरसिंहपुर से बी ए सी ब्रजेश नेमा ने गुरु पूर्णिमा उत्सव पर कहा कि एक गुरु के लिए बच्चों के चेहरों पर विश्वास और मुस्कुराहट देखने से अच्छा अनुभव और कोई हो ही नही सकता। बैंक मैनेजर राहुल पाठक ब्रांच ऑफिसर पूजा वर्मा आईडीबीआईबैंक, जन शिक्षा केंद्रएम एल बी से सी ए सी हरप्रसाद कोरी प्रधान पाठक तुलसीराम पटेल एवं शाला परिवार की उपस्थिति एवं सहयोग उल्लेखनीय रहा कार्यक्रम का संचालन शिक्षक देवेंद्र श्रीवास्तव द्वारा एवं आभार प्रदर्शन शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष द्वारा किया गया।




# मेहरा समाज का सामाजिक सम्मेलन सम्पन्न

नरसिंहपुर।

रविवार को प्रांतीय मेहरा झारिया सामाज का सामाजिक सम्मेलन ऑडिटोरियम हॉल नरसिंहपुर में सम्प्पन हुआ इस गरिमामयी समारोह में सभी सामाजिक बंधु सपरिवार शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता एस के मेहरा-प्रांतीय अध्यक्ष मेहरा (झारिया) सामाजिक संगठन मध्यप्रदेश, मुख्य अथिति एन पी झारिया अध्यक्ष झरिया कल्याण समाज नरसिंहपुर, एस एल मेहरा राष्ट्रीय अध्यक्ष मेहरा विकास संगठन खेमराज झारिया वरिष्ठ समाज सेवक रायपुर, ओमप्रकाश झारिया प्रांताध्यक्ष युवा संघ मध्यप्रदेश आदि समस्त पदाधिकारियों की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ, कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण ,सामाजिक बंधुओ का सम्मान, समाजिक बंधुओं का उदबोधन, बोर्ड परीक्षा में प्रथम श्रेणी में पास होने वाले विधार्थियों का सम्मान, वरिष्ठो का सम्मान, ग्राम कोटवारों का सम्मान समारोह एवं, संस्कृतिक कार्यक्रम के बाद स्वरूचिभोज का आयोजन किया गया। उक्त सामाजिक मिलन समारोह एवं सम्मान समारोह में मध्यप्रदेश के आने जिलों से मेहरा झारिया समाज संगठन के पदाधिकारी व आमजन सम्मिलित हुए। इस दौरान श्रीमती सुनीता बमनिया, खेमराज झारिया व एन पी झारिया,विनोद मेहरा, आदि ने समाजहित में अपने अपने विचार रखे।

# मंत्री श्री पटेल ने किया रिछावर में पौधरोपण

नरसिंहपुर।



प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने जिले की ग्राम पंचायत रिछावर में गुरू पूर्णिमा के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत श्री श्री बाबा श्री जी के आश्रम नीलकंठ घाट नर्मदा जी के किनारे पौधरोपण किया। उन्होंने यहां श्री श्री बाबा श्री जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान एक हजार लोगों की उपस्थिति में 10 हजार पौधों का रोपण किया गया। यहां आम, अमरूद, कदम, जामुन, नीबू, गुलमोहर, नीम, पीपल, बरगद, कटहल आदि के पौधों का रोपण हुआ। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि आज का यह पौधरोपण गुरू जी तथा अभियान के अंतर्गत किया गया है। उन्होंने सभी नागरिकों से आग्रह किया कि वे इस वर्षाकाल में पौधरोपण करें और उससे ज्यादा महत्वपूर्ण कार्य है उन्हें संरक्षित कर वृक्ष बनायें। पौधरोपण करने से पर्यावरण व जल संरक्षण व संवर्धन होगा। इस अवसर पर विधायक गोटेगांव महेन्द्र नागेश, जबलपुर के दक्षिण पश्चिम विधायक भगवान दास सबनानी, पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल, सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, एसडीएम श्रीमती कलावती व्यारे, सीईओ जनपद, ग्राम पंचायत सरपंच, जन अभियान परिषद सांईखेड़ा के समन्वयक राममोहन रघुवंशी, परिषद की नवांकुर संस्था, ब्रह्मर्षि वशिष्ट शिक्षण, प्रशिक्षण एवं सेवा समिति, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति डोंगरगांव, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कीरखेड़ा, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पलोहबड़ा, सोकलपुर के प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने पौधरोपण किया।

# सरकार पर वादा खिलाफी का लगाया आरोप

नरसिंहपुर।

गत दिवस युवा कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगाया है। युवा कांग्रेस द्वारा नरसिंहपुर जिले में मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस से जारी क्या हुआ तेरा वादा कार्यक्रम के तहत 10000 पोस्टकार्ड युवाओं से भरवा कर प्रदेश सरकार को प्रेषित किए जाएंगे। युवा कांग्रेस के पूर्व विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष रोहित पटेल ने विज्ञप्ति आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री मोहन यादव आपकी सरकार द्वारा विधानसभा चुनाव 2023 में किये गए वादों की वादाखिलाफी न हो। विज्ञप्ति में




स्मरण कराया गया है कि वादा अनुसार मुख्यमंत्री 2.5 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी कब मिलेगी?, प्रत्येक परिवार के एक व्यक्ति को रोजगार कब मिलेगा?, उसी प्रकार 1.3 करोड़ बहनों को पक्के आवास कब दिए जाएंगे, किसानों को गेहूं, धान की खरीद की न्यूनतम राशि कब घोषित की जाएगी? जल जीवन मिशन में हो रहे भ्रष्टाचार के दोषियों पर कार्यवाही कब होगी? नर्सिंग घोटाले में लिप्त दोषियों पर कार्यवाही कब की जाएगी? आपके द्वारा किये गए वादों के अलावा युवाओं की मांग के अनुसार, सरकारी नौकरियों का परीक्षा शुल्क माफ कब किया जाएगा? युवा कांग्रेस ने विज्ञप्ति में आरोप लगाया है कि प्रदेश की भाजपा सरकार जिले से लेकर प्रदेश स्तर तक वादा खिलाफी कर रही है।

# घायल को 100 डायल ने पहुंचाया अस्पताल



**नरसिंहपुर।** बीती रात थाना क्षेत्र करेली अंतर्गत देर रात 1: 30 बजे ट्रेन से गिरकर घायलहुए 24 वर्षीय युवक को, डायल-112/100 सेवा ने अस्पताल पहुँचाया । थाना करेली क्षेत्र के अंतर्गत करेली स्टेशन से पहले ट्रेन से गिरकर एक व्यक्ति घायल हो गया है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-100 भोपाल में सूचना दी गई सूचना प्राप्ति पर तत्काल जीआरपी नरसिंहपुर को सूचना देकर करेली थाना क्षेत्र में तैनात डायल-100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112/100 स्टाफ सैनिक रमेश सिसोदिया एवं पायलट अजय पटेल ने घटना स्थल पर पहुँचकर बताया कि करेली स्टेशन के पहले 24 वर्षीय नितेश मलय पिता खूब सिंह मलय निवासी बौचार ट्रेन से गिरकर पटरी के किनारे घायल हो गया था । डायल-112/100 स्टाफ ने घायल युवक को एफ. आर. व्ही वाहन से ले जाकर शासकीय अस्पताल करेली मे भर्ती कराया जहां घायल का उपचार किया जा रहा है । डायल 112/100 और जीआरपी के जवानों की तत्परता से समय पर घायल को उपचार मिला जिससे उसकी जान बची ।

# 111 पौधों का हुआ रोपण

नरसिंहपुर।

एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत गुरु पूर्णिमा के अवसर पर जिले की ग्राम पंचायत बगलई ऊजर में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान 111 पौधे रोपे गये। इनमें आम, अशोक, नीम, सहजन एवं जामुन के पौधे शामिल हैं। यह पौधरोपण मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक जय नारायण शर्मा और विकासखंड समन्वयक प्रतीक दुबे के निर्देशन में नवांकुर संस्था नई पहल फाउंडेशन के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान प्रत्येक व्यक्ति से एक पौधा लगाने और उसका संरक्षण करने की अपील की गई है। एक पेड़ मां के नाम अभियान का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम में फलदार, छायादार और शोभादार पौधों का रोपण किया गया। इंजी. देवदत्त पचैरी ने पौधों के महत्व और उनके जीवन में योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पौधे न केवल ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, बल्कि भूमि क्षरण को रोकने, जलवायु को नियंत्रित करने और जैव विविधता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। नई पहल फाउंडेशन के सचिव गनेश प्रजापति ने अपनी स्वरचित पंक्तियों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का महत्व समझाया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक हाकम सिंह चढ़ार, विकासखंड समन्वयक प्रतीक दुबे, समाज सेवी सीताराम पटेल, नवांकुर संस्था, राष्ट्रीय सेवा योजना मुक्त इकाई, अन्य समाज सेवी और ग्रामीणजन मौजूद थे।

